# एकल पट्टा प्रकरण में शांति धारीवाल को क्लीन चिट देने पर दो 'विधि अफसरों' पर गाज गिरी

## राज्य सरकार ने आदेश जारी कर विधि एवं विधि कार्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव ज्ञान प्रकाश गुप्ता व शासन सचिव अनुपमा राजीव बिजलानी की सेवाएं राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर को वापस लौटाई

- **सूत्रों की मानें तो गत 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में अशोक पाठक की विशेष याचिका पर सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार की ओर से जवाब पेश कर कहा गया था कि ''एकल पट्टा प्रकरण में कोई मामला नहीं बनता, इससे वित्तीय हानि नहीं हुई थी''**
- **ज्ञात रहे कि वर्ष 2011 में जयपुर विकास प्राधिकरण ने गणपति कंस्ट्रक्शन्स के प्रोपराइटर शैलेन्द्र गर्ग के नाम पर एकल पट्टा जारी किया गया था, इसके बाद तत्कालीन वसुंधरा सरकार के समय में इस प्रकरण में ए.सी.बी. ने मुकदमा दर्ज किया था**
- **गौरतलब है कि इस प्रकरण में तत्कालीन आई.ए.एस. अफसर जी.एस.संधू, तत्कालीन आर.ए.एस. निष्काम दिवाकर और तत्कालीन उपायुक्त ओंकारमल सैनी को गिरफ्तार किया गया था और तत्कालीन यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल से पूछताछ की गई थी**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के बहुचर्चित एकल पट्टा प्रकरण में गत 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस सरकार में यू.डी.एच. मंत्री रहे शांति धारीवाल व अन्य को क्लीन चिट देने वाले विधि विभाग के दो प्रमुख अफसरों पर गाज गिरी है।

राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने गत 8 मई को आदेश जारी कर ज्ञान प्रकाश गुप्ता (प्रमुख शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग-सह विधि परामर्शी जयपुर) तथा अनुपमा राजीव बिजलानी (शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग-सह विधि परामर्शी जयपुर) की सेवाएं राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर को वापस लौटाई हैं। ज्ञान प्रकाश गुप्ता की जगह पर बृजेन्द्र कुमार, रजिस्ट्रार कम प्रमुख सचिव, मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर को लगाया है। जबकि अनुपमा राजीव बिजलानी के स्थान पर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दौसा के न्यायाधीश राजेश गुप्ता को लगाया गया है।

सूत्रों की मानें तो एकल पट्टा प्रकरण में गत 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में अशोक पाठक की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई हुई थी, जिसमें राजस्थान सरकार की ओर से कांग्रेस सरकार के पूर्व यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल और तीन अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी गई। सरकार की ओर से जवाब पेश कर कहा गया था कि ''एकल पट्टा प्रकरण में कोई मामला नहीं बनता, इस मामले में नियमों की पूरी तरह से पालना की गई, इससे सरकार को कोई वित्तीय हानि भी नहीं हुई थी।''

ज्ञात रहे कि वर्ष 2011 में जयपुर विकास प्राधिकरण ने गणपति कंस्ट्रक्शन्स के प्रोपराइटर शैलेन्द्र गर्ग के नाम पर एकल पट्टा जारी किया गया था, इसके बाद तत्कालीन वसुंधरा सरकार के समय में इस प्रकरण में ए.सी.बी. ने मुकदमा दर्ज किया था। इस प्रकरण में तत्कालीन आई.ए.एस. अफसर जी.एस.संधू, तत्कालीन आर.ए.एस. निष्काम दिवाकर और तत्कालीन उपायुक्त ओंकारमल सैनी को गिरफ्तार किया गया था और तत्कालीन यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल से पूछताछ की गई थी। इस प्रकरण में पिछले वर्ष राजस्थान हाईकोर्ट से धारीवाल और तत्कालीन अधिकारियों को राहत मिल गई, इस कारण यह विशेष अनुमति याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई। हालांकि इस प्रकरण में अशोक पाठक की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाब पेश कर कहा गया कि, ''लगता है ब्यूरोक्रेसी ने पूर्ववर्ती सरकार के जवाब को ही शीर्ष अदालत में पेश कर दिया है।''

# मौसेरे भाई की हत्या करने वाले चार युवक गिरफ्तार

## वाट्सएप ग्रुप पर अभद्र मैसेज भेजने पर हुआ था मृतक और आरोपियों में झगड़ा



जयसिंहपुरा खोर पुलिस ने युवक की हत्या करने वाले चार बदमाशों को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार किया।

**जयपुर**। जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में शनिवार वाट्स एप्प ग्रुप पर गलत टिप्पणी को लेकर हुए झगड़े में मौसेरे भाई सलमान की हत्या के मामले में 24 घंटे बाद ही पुलिस ने मामले की गुत्थी को सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड में आरोपी मौसी के भाई जमीर, अरसलान, साजेब और साहिल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि वॉट्सएप ग्रुप पर आरोपियों की सलमान से कहासुनी हुई थी।

जिसके बाद आरोपी खोह नागोरियान इलाके में अपनी मौसी के घर पहुंचे, लेकिन सलमान उन्हें वहां नहीं मिला। आरोपी सलमान को तलाशते हुए घर से निकले ही थे कि अचानक से सलमान और शाहरुख रंगरेज उन्हे घर से कुछ ही दूरी पर रास्ते में मिल गया। जहां पर आरोपियों ने सलमान पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। शाहरूख रंगरेज ने बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके पेट में भी चाकू से कई वार किए। राहगीरों की सूचना पर परिजनों ने उसे गंभीर घायल अवस्था में एसएमएस अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। वही दूसरे घायल शाहरुख का उपचार जारी है।

एसीपी आमेर शिवरतन गोदारा ने बताया कि उत्तर प्रदेश ,कानपुर निवासी सलमान अंसारी (25) पुत्र आफताब उत्तर प्रदेश कानपुर निवासी की हत्या करने वाले सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि करीब 1 साल से सलमान अंसारी आमेर इलाके में स्थित नाई की थड़ी जयसिंहपुरा खोर में रहे रहा था और प्रताप नगर में टेलीकॉम कंपनी में नौकरी करता था।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि सलमान अंसारी के परिवार वालों ने वॉट्सऐप पर खान परिवार के नाम से एक ग्रुप बना रखा है। ग्रुप पर काफी दिनों से सलमान के मौसेरे भाई असलम, जमीर, साहिल आदि गलत तरीके से अभद्र मैसेज भेज रहे थे। इस बात को लेकर सलमान का अपने मौसेरे भाईयों से झगड़ा हो गया।

# मातृ दिवस पर 21 महिलाओं का सम्मान




**जयपुर** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस पर जीवन में संघर्ष करने वाली 21 महिलाओं का सम्मान किया गया। गुलाबी नगर के वैशाली नगर स्थित मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में आयोजित सम्मान समारोह में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी.चंदेल ने सभी महिलाओं का प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और क्राउन पहनाकर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के एल चौधरी, उर्मिला ओझा और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मुनव्वर अली चौधरी थे।

संयुक्त निदेशक बीपी चंदेल ने कहा कि राज्य सरकार की 132 योजनाओं के माध्यम से समाज कल्याण के काम किया जा रहे हैं ।जन्म से लेकर अंतिम संस्कार तक राज्य सरकार वंचितों की सेवा में जुटी है। इससे पहले आयोजक सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान के प्रोजेक्ट इंचार्ज मुकेश शर्मा, डॉक्टर अलीशा, मैनेजर नोवेल्टी कुमावत और सीनियर केयर टेकर अंजलि कुमावत और पवन डीडवानिया ने अतिथियों का स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस पर रेशम कौर, आसेफा अली, अनीता सक्सेना, पुष्पा देवी कुमावत, विजया नवीन सरावगी, मोना बलानी, गजराज कंवर, शशि शर्मा, उषा गुप्ता ,संतोष देवी, कमला देवी, कुलजीत कौर, लक्ष्मी जादम, उर्मिला ओझा , एसआई सोनम गुप्ता, उर्मिला राय, अनिता कौर, ममता सक्सेना को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय किशनगढ़ रेनवाल प्रवासी मंडल के संयुक्त महासचिव कमल जैन ने किया।

# स्मैक तस्करी करने वाला बदमाश पकड़ा

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने करधनी इलाके में कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 ग्राम 60 मिलीग्राम स्मैक, 930 रु. एवं मोटरसाईकिल बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि स्मैक तस्करी करने वाले आरोपी मुकुल डाबी (23) निवासी बैनाड़ रोड हरमाडा जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेनाड रोड जयपुर निवासी गिर्राज से खरीदकर बेचना स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपी से मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायर एवं खरीददार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# ट्रक की चपेट में आने से कैंटर चालक की मौत

**जयपुर** (कासं)। बगरू इलाके में ट्रक की चपेट में आने से एक कैंटर चालक की मौत हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि अनियंत्रित होकर कैंटर डिवाइडर से टकरा गया। इस दौरान चालक खिड़की से उछलकर सड़क पर गिरा गया। तभी पीछे से आए ट्रक ने उसे कुचल दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में बुलंदशहर उत्तर प्रदेश निवासी पप्पू (36) की मौत हो गई। वह कैंटर में चालक का काम करता था,जो रविवार रात को कैंटर लेकर जयपुर से अजमेर की तरफ जा रहा था। इस दौरान देर रात दहमी पुलिया के पास पहुंचते ही कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर लगते ही पप्पू खिड़की से उछलकर रोड पर आ गिरा। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने पप्पू को रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रक लेकर ड्राइवर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर हालत में पप्पू को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता हरिसिंह ने अज्ञात ट्रक के खिलाफ मामला दर्ज कर चालक की तलाश में जुटी है।

# हाईवे पर लूटपाट करने वाले 3 बदमाश दबोचे

- **विश्वकर्मा थाना पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटा रही**

**जयपुर**। विश्वकर्मा पुलिस ने हाईवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा कर गिरोह के तीन लुटेरों को बार्पदा गिरफ्तार किया है। साथ ही लूट में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन सहित लूटा गया मोबाइल, नगदी और अन्य सामान जब्त किए गए है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हाईवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह के शातिर लूटेरे बाबूलाल जांगिड़,हनुमान सहाय मीणा और दीपक मीणा को गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपी विश्वकर्मा के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी हाइवे पर खडे होकर जयपुर के बाहर के वाहन जिनमें चालक अकेला होता है। उसे चिन्हित कर मौका देख उनका पीछा कर अपनी कार उनके आगे लगाकर रूकवाते है और फिर एक्सीडेंट या साईड दबाने का बहाना बनाकर गाडी से नीचे उतारते है। जैसे ही चालक गाडी से नीचे उतरता है तो दो व्यक्ति उसे पकड़ कर उसका मोबाइल फोन छीन सहित अन्य सामान जैसे रुपये ,एटीएम कार्ड आदि छीन कर फरार हो जाते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# परशुराम जयंती पर 1105 लोगों ने किया रक्तदान

**जयपुर** (कासं)। परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित रक्तदान शिविर में 1105 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को 10 ग्राम चाँदी का सिक्का और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । आयोजक मनमोहन शर्मा ने कहा कि रक्तदान कर हम सीधे रूप से किसी के जीवन को बचाने में अपना योगदान देते है, इसलिए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मनमोहन, धीरज शर्मा, आशीष भारद्वाज, प्रतीक भारद्वाज और रवि शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सभी जातियों के प्रबुद्धजनों ने शिरकत की और रक्तदान पर कर सामाजिक एकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, विधायक प्रशांत शर्मा, पूर्व मंत्री महेश जोशी, पंडित सुरेश मिश्रा समेत कई लोग मौजूद थे।

# किडनी ट्रांसप्लांट केस में डॉक्टर्स की गिरफ्तारी का विरोध शुरू हुआ

## जांच पूरी हुए बिना डॉक्टरों की गिरफ्तारी सही नहीं : डॉ. विजय कपूर

**जयपुर**। फर्जी एनओसी से किडनी-लीवर ट्रांसप्लांट के मामले में फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टर की गिरफ्तारी का विरोध शुरू हो गया है। अब डॉक्टर्स और प्राइवेट हॉस्पिटल की यूनियन इसके विरोध में उतर आई है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ. विजय कपूर ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि बिना जांच पूरी हुए डॉक्टरों की गिरफ्तारी करना सही नहीं है।

डॉ. कपूर ने कहा कि यूरोलॉजिस्ट डॉ. संदीप गुप्ता और नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जितेन्द्र गोस्वामी को जांच पूरी हुए बिना ही गिरफ्तार करना गलत है। हम चाहते हैं कि पहले जांच हो और उसके बाद जो दोषी है, उसे सजा मिले। ऐसा न हो कि निर्दोष को भी इस मामले में सजा भुगतनी पड़े।

डॉ. कपूर ने बताया कि किसी भी हॉस्पिटल में अंग प्रत्यारोपण में एक डॉक्टर की भूमिका केवल मरीज की जांच करना है। इसके अलावा मरीज सभी कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद उसका ऑपरेशन करके ऑपरेशन के बाद मरीज की देखभाल करना है। किडनी ट्रांसप्लांट में भी नेफ्रोलॉजिस्ट और यूरोलॉजिस्ट का काम यही होता है। इस प्रकरण में जांच पूरी हुए बिना ही डॉक्टरों पर भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के साथ धारा 370 लगाकर गिरफ्तार करना गैर संवैधानिक है और बुनियादी न्यायिक सिद्धांत का उल्लंघन है।

गौरतलब है कि 11 मई को पुलिस ने फोर्टिस हॉस्पिटल के इन दोनों डॉक्टरों को अंग प्रत्यारोपण के मामले में गिरफ्तार किया था।

इन दोनों डॉक्टरों पर धारा 370 के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों डॉक्टरों को कोर्ट में पेश किया है, जहां कोर्ट ने दोनों को 3 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# सार-समाचार

## मेधावी छात्राओं को आर्थिक सहायता



**जयपुर**। पा.ए.फा. चेयरमेन चन्द्र शेखर पाराशर ने होटल अटलांटा अजमेर में 12 मई को हुई ट्रस्टी मंडल की बैठक में तीन मेधावी छात्राओं को 35 हजार रु. रूपये की आर्थिक सहायता राशि के चैक उनके पिता सुभाष पाराशर पुष्कर को भेंट किए।

## द पैलेस स्कूल के छात्रों ने रचा कीर्तिमान


**जयपुर** । द पैलेस स्कूल, सिटी पैलेस जयपुर के विद्यार्थियों ने एआईएसएससीई-2024 में शानदार प्रदर्शन के साथ शैक्षिणक उत्कृष्टता की अपनी विरासत को कायम रखा है। कक्षा 12 की परीक्षा में शामिल हुए 93 छात्रों में से 21 छात्रों ने कुल मिलाकर 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विज्ञान स्ट्रीम में, अमीशी गर्ग ने 94.8 प्रतिशत के प्रभावशाली स्कोर के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, 91.8 प्रतिशत के साथ सानिध्य पटोदिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कॉमर्स स्ट्रीम में, रीत भागचंदानी 95.6 प्रतिशत के शानदार प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान पर रही। 94.8 प्रतिशत प्राप्त कर वृंदा यादव ने द्वितीय और 93.8 प्रतिशत के साथ पार्थ डंगायच ने तीसरा स्थान हासिल किया। मानविकी स्ट्रीम में, मानसी सराफ ने 94 प्रतिशत के शानदार स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया, चेरीश पारीक ने 93.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय और अनुष्का पोद्दार ने 93.2 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## ध्रुवी शर्मा ने प्राप्त किये 97 प्रतिशत अंक



**जयपुर**। भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम जयपुर की छात्रा ध्रुवी शर्मा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। ध्रुवी शर्मा ने दसवीं की परीक्षा में यह सफलता नियमित अध्ययन से प्राप्त की है । विशेष रूप से यह सफलता इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है कि ध्रुवी शर्मा अच्छा शास्त्रीय गायन भी करती है । ध्रुवी ने अपनी सफलता का श्रेय माता डॉक्टर दीपाली, पिता अरविंद शर्मा और विद्यालय के गुरुजनों को दिया है, ध्रुवी शर्मा की प्रेरणा स्त्रोत उसकी बड़ी बहन है, जिसने दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। ध्रुवी शर्मा का लक्ष्य इसी तरह नियमित अध्ययन करते हुए अधिकतम अंक प्राप्त कर अपने परिवार का नाम रोशन करना है।

## श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव मनाया



**जयपुर**, (का.सं)। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में श्री श्री रविशंकर आश्रम, प्रताप नगर, जयपुर में आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान परिवार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रंखला के अनुसार सांय 5 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन एसएमएस हॉस्पिटल,जयपुर एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड सेंटर,टोंक रोड के द्वारा किया गया जिसमे 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। साथ ही आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा 20 नेत्रदान रजिस्ट्रेशन हुए। साथ ही 6 बजे से सभी के बेहतर स्वास्थ्य हेतु आयुष होमा का अयोजन स्वामी सहजानंद जी के सान्निध्य में किया गया। तत्पश्चात् सांय 7 बजे से आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध सत्संग संध्या में 1500 लोगों ने भजनों का आनंद उठाया और उसके बाद भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गलताजी में हुआ भव्य सन्त भंडारा



**जयपुर** । उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि श्री गलताजी में स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में भव्य सन्त भण्डारे का आयोजन किया गया। युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि गलता पीठ में स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में श्री गलता गादी के संस्थापक आचार्य कृष्णदास पयोहारी महाराज एवं सन्त रणछोड़दास को समर्पित कर भव्य सन्त भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जयकारों के साथ सैकड़ों संतों ने प्रसादी ग्रहण की। राजकोट के रणछोड़दास बापू आश्रम के सहयोग से भण्डारे का आयोजन सम्पन्न हुआ।

# मोदी सरकार की योजनाओं को तथ्यों सहित मीडिया डिबेट में शामिल करें : गोठवाल

- **भाजपा प्रदेश महामंत्री और खण्डार विधानसभा से विधायक जितेंद्र गोठवाल ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और पैनेलिस्टों की बैठक ली**

**जयपुर** । भाजपा प्रदेश महामंत्री और खण्डार विधानसभा से विधायक जितेंद्र गोठवाल ने आज भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता, पैनेलिस्ट और मीडिया टीम के सदस्यों की बैठक ली। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता और पैनेलिस्ट से विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ सुझाव भी मांगे गए। वहीं भाजपा मीडिया टीम द्वारा लोकसभा चुनावों में किए गए कार्यों की प्रशंसा की और आगामी रणनीति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गोठवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी प्रवक्ता और पैनेलिस्टों को समसामयिक घटनाओं के साथ विषयों की समझ होनी चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में ''सबका साथ, सबका विकास'' नीति पर कार्य किए हैं। ऐसे में सभी प्रवक्ताओं और पैनेलिस्टों को मोदी सरकार की योजनाओं को तथ्यों के साथ डिबेट में शामिल किया जाना चाहिए। गोठवाल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस द्वारा सरकार की योजनाओं पर झूठ फैलाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है, ऐसे में प्रवक्ता और पैनेलिस्टों द्वारा विषय पर स्थिति को साफ करते हुए विपक्ष की कुनीति को जनता के सामने लाने का काम करना चाहिए। प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा आम जन के पक्ष में लगातार एक के बाद एक ऐतिहासिक फैसले किए जा रहे है, जबकि कांग्रेसी नेताओं द्वारा जनता को भ्रमित किया जा रहा है। ऐसे में भाजपा के सभी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश प्रवक्ता और पैनेलिस्ट भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक में प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सह संयोजक मेहराज सिंह चौधरी, भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत, प्रवक्ता प्रताव राव कोशिक, विकास सोमानी, पैनेलिस्ट श्याम सुंदर झा, अटल खंडेलवाल, नमित जैन, मदन प्रजापत, विकास बारहठ, सुमित श्रीमाल, नम्रता सिंह मौजूद थे।

# दादी की हत्या कर गहने-नकदी लूटकर फरार हुआ पोता और उसका दोस्त

## लूटपाट का विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से वृद्धा के सिर में हमला कर उसकी हत्या कर दी

- **झोटवाड़ा पुलिस ने हत्या के आरोपी नाबालिग पोते और उसके दोस्त को पकड़कर पूछताछ शुरू की**

**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में लोहे की रॉड से एक बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला सामने आया है। दोस्त के साथ लूट की वारदात करने उसका पोता घर में घुसा था। विरोध करने पर लोहे की रॉड से दादी की हत्या कर गहने-नकदी लूटकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने हत्या के मामले में नाबालिग पोते और उसके दोस्त को पकड कर पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि गोकुलपुरा निवासी सुरेश कुमावत (36) ने मामला दर्ज करवाया है कि शिल्प कॉलोनी झोटवाड़ा में रहने वाली उसकी दादी नानगी देवी (70) की हत्या की गई है, जो अपने तीन बेटों के परिवार के साथ रहती थी। दस मई को दोपहर दादी नानगी देवी घर में अकेली थी। इस दौरान लूट की नीयत से बदमाश घर में घुस कर लोहे की रॉड से कमरों में रखे बक्सों के लॉक तोड़ दिए। बक्सों में रखे सोने-चांदी के गहने और नकदी लूट कर जाने लगे तो दादी नानगी देवी के विरोध करने पर उनके सिर पर लोहे की रॉड से वार कर मार डाला। वहीं कुछ देर बाद चाचा अवतार किशन घर पहुंचे तो अंदर फर्श पर दादी नानगी की लाश पड़ी हुई थी। उनके मुंह पर खून के निशान थे। बक्सों के लॉक टूटे होने के साथ उसमें रखे गहने-कैश गायब थे। दादी की लाश के पास लोहे की रॉड और पत्ती पड़ी हुई थी। हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि लूट का विरोध करने पर बुजुर्ग महिला नानगी की हत्या की गई है और घर के बरामदे में नानगी का टूटा हुआ चश्मा चूड़ियां पड़ी मिली। परिवारिक सदस्यों से पूछताछ करने पर नाबालिग पोते पर शक गया। परिजनों का कहना था कि गत फरवरी महीने में नाबालिग पोते ने घर से 2.50 लाख रुपये चुरा थे। पुलिस टीम ने फरार नाबालिग पोते को ढूंढकर पूछताछ की। पूछताछ में नाबालिग ने अपने दोस्त शहजात के साथ जुर्म करना कबूल किया है। इस पर पुलिस ने आरोपित दोस्त शहजात (21) निवासी अग्रवालों का मोहल्ला झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया है और साथ ही नाबालिग पोते निरूद्ध किया है।